हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 15 जुलाई 2024

06 केंद्रीय मंत्री की उपस्थिति में प्रधानमंत्री कॉलेज ...



07 40 साल से बाट जोह रहे विजयपुर में अचानक ...





## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने शोक व्यक्त किया



**सागर।** भारतीय जनता पार्टी सागर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजकुमार बरकड़े. के असामायिक निधन पर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने शोक व्यक्त किया है। सिंह ने कहा है कि बरकड़े के दुखद निधन से पार्टी ने एक समर्पित कार्यकर्ता खो दिया है। इस दुखद घड़ी में हम सभी बरकड़े के शोकाकुल परिवार के साथ हैं। ईश्वर इस दुखद घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करें।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधरोपण

**सागर।** मालथौन मे मध्य प्रदेश जल निगम अंतर्गत बांदरी में मलथौन समूह जल प्रदाय योजना के जल शोधन संयंत्र पर परियोजना क्रियांवयन इकाई के तकनीकी प्रबंधक मनोज श्रीवास्तव एवं प्रबंधक जन सहभागिता सहित कंसल्टेंट एवं फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर लोधी सहित अनेक अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर्यक्रम में आयोजित किया। इस अवसर पर मनोज श्रीवास्तव ने अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अभियान को माँ से जोड़ने की अपील एक भावपूर्ण प्रयास है, हमें इन पौधों की सुरक्षा भी अपने परिजनों समान ही करनी है। उन्होंने सभी सहभागियों से इन पौधों की निरंतर एवं सघन देखभाल का भी अनुरोध किया।

### रोटरी क्लब सागर सेंट्रल ने प्रकृति उत्सव मनाया

**सागर।** रोटरी मंडल 3040 द्वारा आयोजित प्रकृति उत्सव के अंतर्गत रोटरी क्लब सागर सेंट्रल ने डॉ. हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के वानस्पतिक उद्यान में दुर्लभ किस्म के मैडागास्कर आलमंड (टर्मिनलिया मेंटली) जो कि उष्ण कटिबंधीय प्रकृति का पौधा है यह कई प्रकार से पर्यावरणीय लाभ प्रदान करता है। प्रदूषण के प्रति सहनशीलता और छाया प्रदान करने और शहरी गर्मी को कम करने की क्षमता के कारण यह शहरी और उपनगरीय परिदृश्य के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प है, इन पौधों का रोपण किया गया। क्लब अध्यक्ष शरद कांत सोनी ने बताया कि पौधरोपण बहुत आवश्यक है आज हम सब पौधों को रोपकर वृक्ष बनाने का संकल्प भी लेते हैं । यदि सभी लोग एक एक पेड़ लगाएं तो दुनिया का पर्यावरण मानवजाति के अनुरुप बन जाएगा। वर्तमान में पृथ्वी का तापमान जिस गति से बढ़ रहा है उससे आगे परिस्थितियां भयावह होंगी। हम सभी को एक एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो खान, डॉ. अमित विश्वास, विनोद ठाकुर, सुभाष कंडया, सुरेन्द्र साहू, अखिलेश जैन, सुधीर जैन, विजय भूषण वर्मा, अभिनय जैन, आजाद जैन, राजीव खंडेलवाल, सौरभ जैन अनुराग जैन माली वर्ग उपस्थित थे।

### प्रशमन शुल्क जमा करने की समय सीमा 31 अगस्त

**सागर।** शासन के आदेश अनुसार 1 जनवरी 2021 के पूर्व जारी भवन अनुज्ञा के अंतर्गत निर्मित भवनों को अप्राधिकृत निर्माण को प्रशमन शुल्क जमा कर 31 अगस्त तक वैध करा सकते हैं। 30 प्रतिशत तक अप्राधिकृत निर्माण को वैध कराने के लिए अब कलेक्टर गाइड लाइन के हिसाब से 12 से 18 प्रतिशत तक कम्पाउंडिंग शुल्क चुकाना होगा। संबंधित नागरिक अपने भवनों का प्रशमन 30 प्रतिशत की सीमा तक एबीपीएएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर उनको वैध करने की प्रक्रिया कर सकते हैं। या नगर निगम सागर की भवन भूमि शाखा में संपर्क कर सकते हैं, इसलिए 31 अगस्त 2024 के पहले 30 प्रतिशत अप्राधिकृत निर्माण को वैध कराए जाने का लाभ लें।

**एआईयू की गवर्निंग काउंसिल की सदस्य कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने किया स्पेन के विश्वविद्यालयों का भ्रमण**

# डॉ. गौर विवि की स्पेन के विश्वविद्यालयों से होगी अकादमिक साझेदारी, फैकल्टी और स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम भी होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर अकादमिक साझेदारी एवं सहयोगात्मक शोध की दिशा में नया कदम रखने जा रहा है। डॉ. गौर विश्वविद्यालय एवं स्पेन के विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक एवं शोध समझौते की दिशा में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के नेतृत्व में पहल की जा रही है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के गवर्निंग काउंसिल ने भारतीय एवं स्पेनिश विश्वविद्यालयों के बीच संपर्क के उद्देश्य से स्पेन में 8 से 11 जुलाई 2024 तक आयोजित संगोष्ठी में भागीदारी की और स्पेन के बार्सिलोना, मैड्रिड एवं वल्लाडोलिड के पांच विश्वविद्यालयों का भ्रमण किया। इस संगोष्ठी में ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी, इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी कैटा लुन्या, लेइडा यूनिवर्सिटी, विगो यूनिवर्सिटी, जेन यूनिवर्सिटी, सलामसा यूनिवर्सिटी, वैलूसिया यूनिवर्सिटी से अकादमिक एवं शोध साझेदारी, आपसी सहयोग, स्टूडेंट एंड फैकल्टी एक्सचेंज जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। भारतीय विश्वविद्यालय संघ की प्रतिनिधि के रूप में गवर्निंग काउंसिल की सदस्य प्रो. नीलिमा गुप्ता ने स्पेन के ऑटो नॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना, यूनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना, आई ई यूनिवर्सिटी मैड्रिड, ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मैड्रिड, यूनिवर्सिटी ऑफ वल्लाडोलिड का भ्रमण कर वहां के अकादमिक, शोध एवं अन्य अकादमिक नीतियों की जानकारी लेते हुए चर्चा की और सत्र को संबोधित किया।


उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी, मैड्रिड में आयोजित 'शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरणः भारतीय परिप्रेक्ष्य' सत्र को पॉवर प्वाइंट के माध्यम से संबोधित करते हुए शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में यह कदम आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न स्तरों पर इसके क्रियान्वयन की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि भारतीय छात्रों में विदेशी विश्वविद्यालयों के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरणकी आवश्यकता है।

अंतरराष्ट्रीयकरण हेतु यूजीसी के 2021 एवं 2023 की गाइडलान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के विश्वविद्यालयों के केंद्रों की विदेशों में एवं विदेशी विश्वविद्यालयों के केंद्रों की स्थापना भारत में हो। उन्होंने ट्विनिंग प्रोग्राम, ज्वाइंट डिग्री प्रोग्राम, डुअल डिग्री प्रोग्राम पर चर्चा की। उन्होंने भारत में चल रहे डीएसटी, यूजीसी, आईएनएसए द्वारा प्रायोजित योजनाओं की भी चर्चा की। भारत में विदेशी छात्रों के आकर्षण के उपाए बताए। शिक्षा के अन्तरराष्ट्रीयकरण में उचित पाठ्यक्रमों, शोध एवं पुरा छात्रों की महती भूमिका को बताते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय अकादमिक साझेदारी, शोध एवं पाठ्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में भूमिका निभाएगा। अनुभवों को शीघ्र की अमल में लाते हुए विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल सेल के माध्यम से स्पेन के विश्वविद्यालयों के साथ पाठ्यक्रमों के संचालन एवं शोध में आपसी सहयोग स्थापित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं अन्य यूरोपीय भाषा विभाग में शीघ्र ही स्पेनिश भाषा में पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जायेंगे। इच्छुक छात्र-छात्राएं इंटरनेशनल सेल में संपर्क कर सकते हैं।



## विधायक और निगम आयुक्त ने पौधरोपण कर पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया

**सागर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शासन द्वारा चलाये जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर विधायक शैलेंद्र जैन और निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने मेंनपानी मे बनी प्रधानमंत्री आवासीय कॉलोनी पहुंचकर वहां के निवासियों के साथ फलदार और छायादार पौधे लगाकर रहवासियों को पौधों की देखभाल और सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया। विधायक शैलेंद्र जैन ने कॉलोनी वासियों से कहा कि चारों ओर हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाई गई यह कॉलोनी मध्य प्रदेश में सबसे अच्छी कॉलोनी है, जिसमें सुविधाओ के साथ-साथ बड़े-बड़े पार्क हैं, इसलिए इन पार्कों का नामकरण किया जाए और उनमें योजना बनाकर पौधे लगाए जाए लेकिन यह ध्यान रखा जाए कि फलदार पौधों को कॉलोनी के भीतरी भाग में और छायादार पौधों को बाहरी भाग और सड़क किनारे लगाया जाए, उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि प्रवेश द्वार से सड़क के डिवाइडर पर फॉक्स पाम के ऊंचे-ऊंचे पौधे लगाए जाएं, साथ ही साथ कॉलोनी के रहवासियों के पूजा अर्चना के हिसाब से धार्मिक महत्व के पौधे भी लगाये जाएं । निगम आयुक्त ने इन पौधों की देखभाल करने के लिए कॉलोनी वासियों से इन पौधों को गोद लेने की अपील की और उनके बड़े होने तक पौधों की देखभाल करने की सलाह दी ताकि यह पौधे बड़े होकर उन्हें फल और छाया दें, उन्होंने कॉलोनी वासियों की समस्याओं के निराकरण हेतु रहवासी संघ का गठन करने की सलाह दी ताकि कॉलोनी की समस्याएं प्रशासन तक पहुंच सके और उनका निराकरण हो सके।



## 186 जोड़े बंधे बंधन में सांसद, विधायक ने इनको 49 हजार रुपए का चेक प्रदान किया

**सागर।** बण्डा के कृषि उपज मंडी प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाय योजना अंतर्गत सामूहिक कन्या विवाह/निकाय कार्यक्रम मुख्य अतिथि दमोह सांसद राहुलसिंह लोधी के आतिथ्य में संपन्न हुआ। विवाह सम्मेलन में करीब 186 जोडे परिणय बंधन में बंधे दो जोडों ने निकाह कबूल किया। सांसद और विधायक ने जोडो को पौधे, साड़ी और 49 हजार रुपये का चैक प्रदान किया। सभी वर और वधु को भोजन के पैकेट की व्यवस्था जनपद पंचायत बण्डा द्वारा की गई, पंडितजी ने रीति रिवाज के साथ सभी जोडों के विवाह संपन्न कराये। सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुए सभी जनप्रतिनिधियों पत्रकार एवं गणमान्य नागरिकों का जनपद पंचायत सीईओ प्रभाषराज घनघोरिया ने आभार व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह निकाह सम्मेलन में 525 वर-वधू बंधेंगे परिणय-सूत्र में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

15 जुलाई को बालाजी मंदिर परिसर में नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह, निकाह सम्मेलन की तैयारियां लगभग पूर्ण हो गई है, सभी तैयारियां इस हिसाब से की गई है कि विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले वर-वधू और उनके परिजनों को कोई असुविधा न हो, इसलिए नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा की जा रही तैयारियों की लगातार निगरानी की जा रही है।

विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले जोड़ों के पंजीयन के लिए चार अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं जिसमें पहले काउंटर में 1 से लेकर 130 तक, दूसरे काउंटर पर 131 से लेकर 260, तीसरे काउंटर पर 261 से लेकर 390 तक और चौथे काउंटर पर 391 से लेकर 525 तक जोड़ों के पंजीयन किए जाएंगे ताकि वैवाहिक जोड़ों का पंजीयन किया जाएगा इसके लिए काउंटर पर संकेतक बोर्ड भी लगाए गए हैं।

### प्रातः 10 बजे से शुरू होंगे वैवाहिक कार्यक्रम

वर्षा के मौसम को देखते हुए वैवाहिक कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होंगे और पहले राउंड में लगभग 120 जोड़े एक साथ हवन वेदियों के सामने बैठकर मंत्रो उच्चारण के साथ परिणय सूत्र में बंधेंगे, इस प्रकार पूरे सम्मेलन के दौरान कुल चार राउंड होंगे जिसमें समस्त जोड़ों का विवाह संपन्न होगा। वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर निगम द्वारा फुल वाटरप्रूफ पंडाल लगाया गया है, जिसमें समस्त वैवाहिक कार्यक्रमों को संपन्न कराया जाएगा ताकि बारिश होने पर वैवाहिक कार्यक्रम अनवरत जारी रहे।

विवाह सम्मेलन में वर-वधु के साथ आने वाले उनके परिजनों को भी भोजन की व्यवस्था की गई है साथ ही शुद्ध पेयजल हेतु स्थल पर कैंपर रखवाये गये हैं।सम्मेलन में आने वाले वाहनों के लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था की गई है जहां वाहनों को खड़ा किया जाएगा तथा वाहन एक गेट से आएंगे और दूसरे गेट से ही वापस जाएंगे।

### चेक और प्रमाण पत्र स्थल पर ही दिए जाएंगे

विवाह संपन्न होने के पश्चात वर-वधु को अतिथियों द्वारा चेक और प्रमाण पत्र उनके स्थान पर ही दिए जाएंगे।



## हरित उत्सव : रानी लक्ष्मीबाई कन्या छात्रावास में रोपे गए आम, जामुन व अमरूद के पौधे

**सागर।** रानी लक्ष्मीबाई कन्या छात्रावास, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कन्या छात्रावास की मुख्य प्रतिपालिका डॉ. रश्मी सिंह, रानी लक्ष्मी बाई कन्या छात्रावास की वार्डन डॉ. वंदना राजोरिया, मेस एवं रखरखाव की वार्डन सुश्री शिवानी खरे, निवेदिता गर्ल्स हॉस्टल की वार्डन डॉ. सुषमा यादव, सरस्वती और निवेदिता हॉस्टल के अन्य प्रतिपलिकाओं, हॉस्टल स्टाफ और रहवासी छात्राओं ने भाग लिया। उत्सव जैसे माहौल में पौधरोपण कार्यक्रम में पूरे स्टाफ, रहवासी छात्राओं और छात्रावास प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पौधरोपण में आम, जामुन और अमरूद जैसे विभिन्न प्रकार के फलों के पेड़ों के साथ-साथ पारिजात और गुलमोहर जैसे फूलों के पौधे तथा नीम और अशोक जैसे वायु-शुद्ध करने वाले पौधे शामिल थे, जिससे छात्रावास परिसर के भीतर एक और हरे-भरे बगीचे का निर्माण हुआ। प्रतिभागियों ने पूरे दिल से पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, नए लगाए गए पेड़ों के पोषण और संरक्षण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति विश्वविद्यालय के समर्पण और भावी पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा परिसर तैयार करने के प्रयास को रेखांकित किया।

## भगवती मानव कल्याण संगठन ने पकड़ाई अवैध शराब

गढाकोटा। सागर जिले के गढ़ाकोटा में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं 45 लीटर अवैध शराब, चार आरोपी ग्रिफ्तार, वुलेरो कार को पुलिस ने किया जप्त। पकड़ाई अवैध शराब गढ़ाकोटा में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने अवैध शराब के खिलाफ एक बड़ी कार्यबाही को अंजाम दिया है। संग़ठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सहयोग से गढ़ाकोटा फटका तिराहा पर सफेद बुलेरो कार से परिवहन की जा रही अवैध शराब को कराया है। भगवती मानव कल्याण संगठन के दमोह एवं रहली के कार्यकर्ता शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। उन्होंने सफेद कलर की बोलेरो गाड़ी को रोका एवं थाना गढ़ाकोटा को सूचना दी जिसके बाद थाना प्रभारी समेत समस्त टीम मौके पर पहुंची एवं शराब सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने बताया कि फटका तिराहा से सफेद रंग की बोलेरो से 45 लीटर अवैध शराब जप्त की गई है जिसकी कीमत लगभग 21 हज़ार बताई जा रही है साथ ही साथ शराब का अवैध परिवहन कर रही बुलेरो कार को भी जप्त किया गया है चारो आरोपियों पर आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है कुल मसरूका 1 लाख 70 हज़ार बताया गया है। अवैध शराब के परिवहन में मामले में पकड़े गए आरोपियों ने भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं पर मारपीट करने आ आरोप लगाया है।

## बेटियों के बेहतर भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने की अपील

**सागर।** भारत सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना में बेटियों के लिये छोटी बचत योजनाओं को बढ़ावा देने की योजना है। इस योजना के तहत पोस्ट आफिस में मात्र 250 रूपये से खाता खुलवाया जा सकता है। एक वित्तीय वर्ष में कम से कम जमा राशि पहले 1000 रूपये थी, जिसे घटाकर अब 250 रूपये कर दिया गया है। इस योजना के तहत खाते में एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम डेढ़ लाख रूपये जमा किये जा सकते है। किसी भी परिवार की अधिकतम 2 बेटियां इस योजना के तहत लाभान्वित हो सकती है। बेटी जुड़वा होने की स्थिति में अधिकतम 3 बेटी इस योजना के तहत लाभ ले सकती है लेकिन इसके लिये जन्म संबंधी प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलने के बाद अधिकतम 15 साल तक राशि जमा करानी होती है।



## अपराधियों व अपराधिक घटनाएं रोकने में पुलिस का फेल्यूअर साबितः सुरेन्द्र चौधरी

**सागर।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मकरोनिया थाना के बड़तुमा में नाबालिक का जला हुआ शव मिलने की हृदय विदारक घटना के पीड़ित परिजनों के बीच मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी कांग्रेसजनों के साथ बड़तुमा पहुंचे। जहाँ उन्होंने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त कर पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाते हुए घटना स्थल पर पहुंचकर सम्पूर्ण घटनाक्रम की विस्तारित जानकारी ली तथा मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से घटना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर समूचे प्रकरण की निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की बात कही। चौधरी ने कहा कि सागर जिले में लगातार घटित हो रही आपराधिक घटनाओं को रोकने में पुलिस का फेल्यूअर साबित हुआ है और पुलिस व प्रशासन के अपराधियों व अपराध रोकने की तमाम दावे खोखले साबित हुए हैं। उन्होंने मांग करते हुये कहा कि समूचे प्रकरण की निष्पक्ष जांच व कार्यवाही के साथ ही जिलें की बिगड़ती कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराध रोकने के लिये ठोस कार्रवाई की जावें। इस दौरान चौधरी के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश राय, आर आर पाराशर, अशरफ खान, देवेंद्र कुर्मी, रोहित वर्मा, राजेंद्र साहनी हर प्रसाद पटेल आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

## जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी को किया गया निलंबित

**सागर।** अभिनंदन नगर, रजाखेड़ी निवासी अंकित कुमार जैन, अजीत कुमार जैन और अन्य के द्वारा जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी लेखपाल अनीता जैन के विरुद्ध 25 लाख की धोखाधड़ी का आरोप लगाकर अपराध पंजीबद्ध कराया गया। अपराध पंजीबद्ध होने के 27 दिन बाद भी थाना मकरोनिया द्वारा अनीता जैन को गिरफ्तार नहीं किया जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया कि अनीता जैन द्वारा शासकीय नौकरी लगवाने के नाम पर 25 लाख रुपए की ठगी की गई है। अनीता जैन का यह कृत्य शासकीय सेवक के आचरण के विपरीत है जो की अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। उक्त संबंध में कलेक्टर दीपक आर्य ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम के तहत अनीता जैन को निलंबित किया।

**शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया अब होगा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस**

# भारतीय ज्ञान परंपरा के केंद्र बनेंगे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंसः विधायक लारिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया के सतत प्रयासों के परिणाम स्वरूप शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन किया गया है। म.प्र.शासन उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 55 जिलों के एक-एक कॉलेज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन किये है। म.प्र. के सभी 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन समारोह का मुख्य कार्यक्रम केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर से वर्चुअल प्रसारण किया गया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाविद्यालय मकरोनियां, सागर का उद्घाटन कार्यक्रम सांसद डॉ. लता वानखेडे. के मुख्य आतिथ्य में एवं नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया की अध्यक्षता में महा विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर शुरू हो रहे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के सुप्रतिष्ठित संस्थानों के रूप में सारे देश में मध्यप्रदेश का नाम रोशन करने में समर्थ होंगे। संसदीय क्षेत्र के नरयावली विधानसभा के शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया को पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस उन्नयन करने पर मैं मुख्यमंत्री का कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद करती हूं, साथ ही नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया के सतत प्रयासों से क्षेत्र के विद्यार्थियों के कौशल विकास के साथ शैक्षणिक उपलब्धि प्राप्त हो रही है। अब इस कॉलेज के विद्यार्थी शिक्षा के साथ रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम का अध्ययन कर स्वावलंबन की दिशा की ओर अग्रसर होंगें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लारिया ने कहा कि आज म.प्र. के हर जिले में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की सौगात मिल रही है। जिले के एकमात्र शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया अब पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में जाना जाऐगा जो भारतीय ज्ञान परंपरा का केंद्र बनेगा। मेरे विधानसभा क्षेत्र को मिली इस उपलब्धि पर मैं क्षेत्र की जनता की ओर से केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं प्रदेश क मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का हृदय से धन्यवाद करता हूं। सीएम डॉ.यादव प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के अनेक उल्लेखनीय कदम बढ़ा रहे है। डॉ.यादव ने सात माह पूर्व मुख्यमंत्री पद पर आसीन होने के बाद राज्य में शिक्षा प्रणाली में उत्तरोत्तर सुधार कर अपना ध्यान केंद्रित किया और यह मुख्यमंत्री के उसी सकारात्मक चिंतन का परिणाम है कि आज म.प्र. के हर जिले में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की सौगात मिली है।विधायक लारिया ने आगे कहा कि इन कॉलेजों में रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। जिन महाविद्यालयों का पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन के लिए चयन किया गया है, उनमें अगर पूर्व में केवल कला और वाणिज्य संकाय संचालित किये जा रहे है तो अब उनमें विज्ञान संकाय भी प्रारंभ किया जाएगा। इन उन्नयन कॉलेजों को संसाधनों में कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। सरकार ऐसी सभी 55 कॉलेजों को संपूर्ण साधन संपन्न बनाने के लिए अलग से फंड उपलब्ध कराएगी।

## खबर संक्षेप

### एडीआर भवन में हुआ पैरालीगल कार्यक्रम



**टीकमगढ़।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन में प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हितेन्द्र सिंह सिसौदिया के मुख्य आतिथ्य में पैरालीगल वालेंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष द्वारा उपस्थित पैरालीगल वार्लेंटियर्स को निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवा अधिनियम की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट टीकमगढ़ एनके गुप्ता ने उपस्थित पैरालीगल वालेंटियर्स एवं अन्य व्यक्तियों को लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस एक्ट को लाने का सबसे बड़ी बजह यही थी कि इससे अवयस्क बच्चिओं व बच्चों को यौन उत्पीड़न के मामलों में संरक्षण दिया जा सके। साथ ही उक्त पॉक्सों अधिनियम के तहत पैनल अधिवक्ता एवं पैरालीगल वार्लेटियर्स सहायक व्यक्ति के रूप में क्या कार्य है, उस पर विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वरूण पुनासे ने नवीन तीन कानून अर्थात भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में तथा मप्र अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना 2015 विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय शमरोज खान सहित न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेन्द्र सिंह भदौरिया, एलएडीसीएस के पदाधिकारीगण, पैनल अधिवक्तागण, पैरालीगल वार्लेटयर्स उपस्थित रहे।

### शासकीय आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव 18 को

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई विदिशा में 18 जुलाई को वेल्सपन कॉर्प लिमिटेड रायसेन कंपनी का प्लेसमेंट ड्राइव, अप्रेंटिस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव, अप्रेंटिस ड्राइव में आईटीआई उत्तीर्ण एसे अभ्यर्थी जिन्होंने फिटर, वेल्डर, टर्नर से आईटीआई कम से कम 50 परसेंट से किया हो तथा आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष तक हो ऐसे पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। उम्मीदवारों को अपने साथ अपना बायोडाटा एवं स्वयं के मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा उनकी एक छायाप्रति एवं 2 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लाना जरुरी होगा।

### विधायक ने छात्रावास में फलदार पौधे लगाए

**विदिशा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शासकीय बालक सीनियर छात्रावास नटेरन में शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने पौधरोपण किया। छात्रावास परिसर में उनके द्वारा मीठा नीम सहित कई फलदार पौधे लगाए गए हैं। पौधरोपण कार्यक्रम में विभाग की जिला संयोजक पारूल जैन, मंडल संयोजक विनोद भोंसले आदि मौजूद रहे। विधायक मीणा ने कहा कि पेड़ों को काटना अपने नाखून को काटने जैसा नहीं है बल्कि अपनी सांसों को काटने जैसा है।

### महिला को सर्प ने डसा, चल रहा इलाज

**विदिशा।** ग्राम चिड़ोरिया निवासी 40 वर्षीय महिला श्रीबाई कुशवाह को सर्प ने डस लिया। महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार की शाम घर में सांप दिखा था। शनिवार की सुबह उसने महिला को डस लिया। इलाज चल रहा है।

### कमलेश सेन को पितृ शोक

**विदिशा।** जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता एवं रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य कमलेश सेन के पिता पिता दुर्गाप्रसाद सेन का शनिवार को स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज रविवार सुबह 12 बजे निज निवास अयोध्या नगर राजपूत कॉलोनी राजपूत धर्मशाला के पास से निकाली जाएगी।

---

**झपटमारी करने वाले तीनों आरोपियों को लिया पुलिस अभिरक्षा में**

# बालिका से छीना हुआ मोबाइल फोन किया बरामद

तीन बाइक सवार युवक ने एक बालिका के हाथ से मोबाइल फोन छीनकर भाग गए थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

नगर में शुक्रवार रात झांसी रोड स्थित चकरा तिराहे से तीन बाइक सवार युवक ने एक बालिका के हाथ से मोबाइल फोन छीनकर भाग गए। जिसकी रिपोर्ट फरियादिया द्वारा कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई। जिस पर पुलिस ने उक्त तीनों अज्ञात बाइक सवार लड़कों की तलाश शुरू कर दी थी।

प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार 12 जुलाई 24 को रात 8:00 बजे चकरा तिराहा बंधन बैंक के सामने से एक बालिका के हाथ से तीन बाइक सवार अज्ञात लड़कों द्वारा मोबाइल फोन छीनने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल थाना कोतवाली पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में दर्ज कर लिया। शाम के समय नगर के व्यस्ततम इलाके में इस प्रकार झपटमारी घटना होने को पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा




गंभीरता से लेते हुए उक्त घटना कारित करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर मोबाइल जब्त करने के निर्देश दिए गए। जिस पर थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त घटना कारित करने वाले तीनों आरोपियों को सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर की सहायता से घटना के 24 घंटे के अंदर बधान मोहल्ला टीकमगढ़ से गिरफ्तार कर उनसे बालिका से झपटमारी किया गया मोबाइल जब्त कर लिया।

पुलिस ने अपनी कार्रवाई के दौरान अक्षय जैन पुत्र गुलाबचंद जैन 21 वर्ष निवासी जतारा हाल निवासी नंदीश्वर कॉलोनी टीकमगढ़, दीपक पुत्र किशोरी बंसल 21 वर्ष निवासी जतारा हाल निवासी वैशाली नगर टीकमगढ़ तथा एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया है।

### पीएमयूएम शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

**टीकमगढ़।** प्रांताध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया व प्रांत प्रमुख सतीश खरे के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिलों में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षकों को संबोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष सतीश खरे ने बताया की पीएमयूएम शिक्षक संघ का गठन टीकमगढ़ जिले के सतेन्द्र मंच पर सैकड़ों शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया। इस संघ के संस्थापक सतीश खरे हैं और प्रांताध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया है। संघ के गठन का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान वेतन मान, केंद्रीय कर्मचारी की भांति सभी लाभ दिलाना एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को आयुष्मान योजना का हितग्राही बनाना है इसके अतिरिक्त संघ स्थानीय समस्याओं और मांगों का निराकरण कराने में अग्रसर रहेगा। शिक्षकों की वरिष्ठता व पुरानी पेंशन की मांग में संघ सहयोगी भूमिका में रहेगा। जिला स्तर की बैठक में शिक्षकों ने सातवें वेतन मान की पांचवीं किस्त का भुगतान कराए जाने, प्राथमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी कराए जाने, छूटे हुए प्राथमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी कराए जाने, माध्यमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति हेतु प्रस्ताव संभाग स्तर तक पहुंचवाने व आदेश जारी कराने, छूटे हुए माध्यमिक शिक्षकों के आदेश जारी कराने, उच्च माध्यमिक शिक्षकों के क्रमोन्नत प्रस्ताव जिला स्तर से लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल तक पहुंचवाने व आदेश जारी करवाने आदि मांगों को प्रमुखता से रखते हुए इन मांगों के निराकरण की रण नीति बनाई। बैठक और ज्ञापन में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सतीश खरे, ब्रजेश असाटी,शिव प्रताप सिंह बुंदेला,मिथलेश रिछारिया,सुधा गौतम,प्रीति खरे, परवीन बनो, स्नेहलता शुक्ला,गीतांजलि मरावी,अरविंद नामदेव,अरविंद सेन,अखंड प्रताप सिंह,रमाशंकर त्रिपाठी,राजीव मिश्रा, अमित चतुर्वेदी, डी पी परिहार,शैलेश जैन,मुकेश सेन, बादशाह मिश्रा,रिशव वैध,अनुपम जैन,अभिषेक खरे,नरेंद्र चतुर्वेदी,राजेंद्र अहिरवार,मुकेश खरे,रामकिशोर अहिरवार,प्रमोद मिश्रा,जितेंद्र द्विवेदी,संजीव सेन आदि मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री की उपस्थिति में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ



**टीकमगढ़।** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में रविवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सिलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टीकमगढ़ का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री द्वारा महाविद्यालय के मुख्य द्वार का फ़ीता काटकर किया गया। तत्पश्चात भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ विद्यार्थी सहायता केंद्र, विद्यार्थियों हेतु वाहन का भी उद्घाटन किया गया। केन्द्रीय मंत्री ने अतिथियों के साथ महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया।

नए सत्र में केन्द्रीय गृह मंत्री भारत सरकार अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा इन्दौर से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सिलेंस महाविद्यालयों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का टू वे सजीव प्रसारण प्रत्येक महाविद्यालयों में किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उच्च शिक्षा मंत्री इन्द्र सिंह परमार के भाषण को सुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने युवाओं को उत्कृष्ट विद्यार्थी बनकर भारत माता को गौरव दिलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा राष्ट्रीय शिक्षा नीति से छात्र-छात्रायें अपनी लोकल भाषा में पठन-पाठन कर सकते हैं और अपने विषय में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने आग्रह किया टीकमगढ़ जो भी छात्र-छात्रायें यदि कभी भी दिल्ली जाए तो चार जनपथ रोड पर सांसद निवास टीकमगढ़ हाउस पर ज़रूर जाएं एवं नए एवं पुराने संसद भवन का भ्रमण अवश्य करें। साथ ही केंद्रीय मंत्री डॉ कुमार ने इन सभी से आग्रह किया कि नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जुड़कर नशामुक्त भारत निर्माण में सहयोगी बनें एवं एक समृद्ध भारत की स्थापना करने में अपना योगदान दें।

महाविद्यालय में इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर इन्द्रजीत जैन ने किया तथा मंच संचालन डॉ. प्रियंका मेहरा द्वारा किया गया। महाविद्यालय में टू वे प्रसारण हेतु समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसमें सहायक प्राध्यापक सौमित बनर्जी, डॉ. हरिमोहन राय, अमर प्रकाश पांडेय एवं नितिन मिश्रा रहे।

इस अवसर पर नगर पालिका टीकमगढ़ अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार, सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, महाविद्यालय के पूर्व छात्र परिषद अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र अध्वर्यु, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. केसी जैन, डॉ. शशि प्रभा जैन, डॉ मोहम्मद नसीम ख़ान, डॉ. इन्द्रपाल सिंह गहरवार, डॉ वीएस शाक्य, समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं महाविद्यालय कर्मचारी एवं बड़ी की संख्या में छात्र-छात्राएँ सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**बुधवार की रात में निकाले जाएंगे ताजिए, तैयारियां आखिरी दौर में**

# हजरत इमाम हुसैन की याद में निकलेंगे ताजिए तैयारियां पूर्ण, प्रशासन की व्यवस्थाएं चाक चौबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर में मोहर्रम के लिए ताजिये सजाए जाने लगे है। मुस्लिम इलाकों में ताजिया बनाने की तैयारियां आखिर दौर में जोरों पर चल रही है। वहीं मोहर्रम के लिए ढालें भी सजने लगी हैं। जो मोहर्रम के जुलूस में शामिल होंगी।





**16 जुलाई की रात से प्रारंभ होगा त्योहार 17 को होगा समापन**

मुख्यालय के अलग-अलग स्थानों पर ताजिया बनाने का काम तेजी के साथ किया जा रहा है। मुख्यालय के पठला मोहल्ला, शेखों को मोहल्ला, मोटे ... का मोहल्ल , मऊ चुंगी, ... कुमैदान, नरैया, बदान ... मोहल्ला जेल के सामने ... सहित अन्य इलाकों के ... कारीगरों द्वारा ताजिया ... बनाया जा रहे है। जिनमें 12 बड़े ताजिए था छोटे ताजियों की संख्या 300 के करीब होगी।

इन ताजियों को रंग बिरंगी पतंगियों के अलावा थर्माकोल, रुई व अन्य चीजों के सजाकर तैयार किया जा रहा है। कारीगरों ने बताया कि करीब एक माह से ... वह व उनके साथी ... ताजिये को तैयार कर ... रहे हैं। जो कि लगभग ... पूरा चुका है। जो ... हिस्सा बांकी है वह भी ... जल्द पूरा कर लिया जाएगा। ताजिया सजाने में उनके साथ मोहल्ले के बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। शहर में करीब छह से सात स्थानों में ताजिया बनाए जा रहे हैं। यह ताजिया आगामी सत्रह जुलाई की रात को निकलने वाले मोहर्रम के जुलूस में शामिल होगें।

हुसैनी ताजिया इंतजामियां कमेटी के सरंक्षक अब्दुल रज्जाक ने थाना प्रभारी को ताजियों की जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इमाम हुसैन की याद में मुहर्रम शरीफ मनाया जाना है। जो 16 जुलाई की रात 10 बजे से 3 बजे तक एवं 17 जुलाई दोपहर 4 बजे से रात 12 बजे तक मनाया जाना है। इसको देखते हुए पुख्ता इंतजाम किए गए है।

### नगर पालिका की यह रहेंगी व्यवस्था

नपा द्वारा मुहर्रम के ताजियों के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिसमें कर्बला के ताजिया विजर्सन की व्यवस्था उपयंत्री दीपक विश्वकर्मा को सौंपी गई है। वहीं विजर्सन स्थल, मानस मंच पर पानी टेंकर व्यवस्था लाईट व्यवस्था मय जनरेटर के जेवा मंसूरी को सौंपी गई है। साथ ही आयोजन स्थलों पर सफाई, टेंट, कुर्सी, टेबिल, माईक, क्रेन, लाईनिंग, विसर्जन कुंड तक पेड़ों की छटाई, नाव तथा गोताखोरों की व्यवस्था राकेश बाल्मिक को सौंपी गई है।

इसके साथ ही मानस मंच ताजिया विसर्जन कुंड, गांधी चौराहा से होते हुए ताजिया विसर्जन कुंड तक सड़क पर बैठे आवारा मवेशियों, गौवंश को हटाने का कार्य भागीरथ कुशवाहा को सौंपा गया है।

### छात्रों की संख्या अधिक शिक्षक पड़ रहे कम, करना पड़ रहे अटैच

**ग्यारसपुर।** जनपद शिक्षा केंद्र के संकुल केंद्र हैदरगढ़ में छात्रों की अधिक संख्या होने के कारण शिक्षक कम पड़ रहे हैं। जिसके कारण दूसरे स्कूलों के शिक्षकों को अटैच करना पड़ रहा है। अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति न होने के कारण कई स्कूलों में अभी बच्चों के मान से शिक्षक काफी कम हैं। संकुल केंद्र हैदरगढ़ में प्राथमिक शाला चक्क धामनोद की प्राथमिक शिक्षिका शशि राजपूत और गुन्नौठा के प्राथमिक शिक्षक राहुल शर्मा को भी संकुल हैदरगढ़ में अटैच किया गया है। इस संबंध में जब संकुल प्रभारी पूजा कुर्मी ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी से मौखिक मार्गदर्शन लेकर ही दोनों शिक्षकों का अटैचमेंट किया गया है। हायर सेकंडरी स्कूल हैदरगढ़ में छात्र संख्या अधिक है और शिक्षकों की संख्या न्यूनतम है।

## राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन आज से होगा

**टीकमगढ़।** खेलो इंडिया योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचाने के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (कीर्ति) की शुरुआत की गई। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाडियों प्रशिक्षण सहायता प्रदान करना और इन क्षेत्रों से प्रतिभा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी इकट्ठा करना है।

कीर्ति के तहत खिलाडियों का मूल्यांकन मध्यप्रदेश में जिले में छः खेल अनुशासनों जैसे की फुटबॉल, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, खोखो, कबड्डी और हॉकी में किए जाएँगे। यह कार्यक्रम एसटीसी टीकमगढ़ में सोमवार 15 जुलाई से शुरु होगा जो 21 जुलाई तक जारी रहेगा। जिसमें मध्य प्रदेश के विभिन क्षेत्रो से 9 से 18 वर्ष के बालक, बालिका भाग लेंगे। खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (कीर्ति) परियोजना के लिए उन बालक, बालिकाओं का आकलन किया जायेगा जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन माई भारत पोर्टल में किया है। जिन बालक, बालिकाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन माई भारत पोर्टल में नहीं किया है उनका रजिस्ट्रेशन करने की सुविधा भी दिये गये केंद्र में उपलब्ध रहेगी।

जो भी खिलाड़ी उक्त खेल विधा में मूल्यांकन कराना चाहते है वह निर्धारित दिनांकों के बीच दिए गए स्थान पर आ सकते है और पंजीयन करा कर मौके पर ही मूल्यांकन करा सकते है। 15 से 21 जुलाई तक की अवधि के दौरान टीकमगढ़ में लगभग 2 हजार मूल्यांकन होने की संभावना है। मूल्यांकन जिले में एसटीसी टीकमगढ़ केंद्र एवं पुलिस लाइन ग्राउंड टीकमगढ़ में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के द्वारा किये जा रहे है।

## यातायात पुलिस ने बसस्टैंड के अंदर नियम विरुद्ध खड़े वाहनों को हटाने की कार्रवाई की

**मैकेनिक की दुकानों पर खड़े वाहनों की वजह से बस स्टैंड पर खड़ी नहीं हो पा रहीं बसें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



यातायात थाना प्रभारी निरपत सिंह लोधी ने शनिवार को पुलिस बल के साथ बस स्टैंड पहुंचकर बेतरतीव खड़े मैकेनिकों के वाहनों को हटवाया। थाना प्रभारी ने बताया की जनसुनवाई में शिकायत प्राप्त हुई थी कि बस स्टैंड पर बसों को खड़े होने की जगह नहीं है। क्योंकि यहां की दुकानों के बाहर कई छोटे-बड़े वाहन खड़े होते हैं। जिसकी वजह से बस स्टैंड पर अव्यवस्था हो जाती है।

### सब्जी मंडी में गंदगी के कारण व्यापारी परेशान

**विदिशा।** सब्जी मंडी में इन दिनों कीचड़ और गंदगी के कारण व्यापारियों सहित आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सब्जी मंडी के कचरे को एक स्थान पर एकत्रित कर दिया है। जो बारिश होने पर बदबू मारने लगता है। रात के समय जब व्यापारियों की दुकानों पर माल आता है तो यहां खड़े होना भी मुश्किल हो जाता है। सड़े गले फल और सब्जियों की बदबू के कारण आम लोग तक परेशान हो रहे हैं। व्यापारियों ने नियमित सफाई की मांग की।

## शराब ठेकेदार ने फिर शुरू की मनमानी वसूली रात 1.30 बजे तक और सुबह 7 बजे से विक्रय

**दुकान बंद होने के बाद भी नीचे से बेच रहे शराब, कलेक्टर का भी नहीं है खौफ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



शहर में शराब ठेकेदार की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही। कलेक्टर द्वारा की गई कार्रवाई के बाद भी तय समय के बाद भी शराब बेची जा रही है। इतना ही नहीं सुबह 7 बजे से शराब दुकानों पर शराब दी जाने लगती है। वहीं रात 1.30 बजे तक शटर के नीचे से शराब बेची जा रही है। विगत दिनों कलेक्टर ने जिलेभर की शराब दुकानों की जांच कराई थी। जिसमें ठेकेदार की मनमानी साफ उजागर हुई। इसके बाद कलेक्टर ने जिला समिति की बैठक में शराब ठेकेदार के विरुद्ध एक्शन लिया था। इसके बाद भी ठेकेदार की मनमानी सामने आ रही है। इतना ही नहीं शराब ठेकेदार के कर्मचारी अब फिर से मनमान दाम भी वसूलने लगे हैं।

## सीएम हेल्पलाइन आवेदनों की समीक्षा हर शनिवार को होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन की ए ग्रेड सूची में शामिल होने वाले विभागों को साप्ताहिक समीक्षा बैठक से मुक्त रखा जाएगा।

कलेक्टर के द्वारा विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों के निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अवकाश दिवस शनिवार को स्वयं विभागवार समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर ने समस्त एसडीएमओ को भी निर्देशित किया है कि अनुविभाग स्तरीय बैठकों में विभागों के लंबित आवेदनों की अधिकतम जानकारियां प्राप्त करें और उनके द्वारा निराकरण किया जा सके इसके लिए स्थानीय स्तर पर विशेष पहल करें। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि आज की स्थिति में विदिशा जिला प्रदेश में 9वें स्थान पर है। जो विभाग बी, सी तथा डी ग्रेड सूची में शामिल है उन विभागों के अधिकारियों को विशेष पहल करनी होगी। ताकि जिला प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में अव्वल हो सके। उन्होंने बताया कि अभी तक ए-ग्रेड सूची में 25 विभाग शामिल हैं जबकि बी-ग्रेड में 11 तथा शेष अन्य विभाग सी और डी-ग्रेड सूची में शामिल हैं। जून माह की शत-प्रतिशत शिकायतों का निदान संतुष्टि से कराया जाना है। जिले में 100 से अधिक शिकायतें जून की लंबित हैं।

**विदिशा और गुलाबगंज में अब तक जगह चिन्हित नहीं हुई**

## कलेक्टर ने सीएम राइज स्कूलों के निर्माण कार्य में लापरवाही नहीं बरतने हिदायत दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर ने जिले के सीएम राइज स्कूलों के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी है।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कहा जिन विकास खंडों में स्कूल भवन के लिए भूमि चिन्हांकन एवं आवंटन की कार्यवाही नहीं हुई है तो उसे शीघ्र पूरा करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में विदिशा एवं नवीन स्वीकृत गुलाबगंज में हो रही विलंबता पर असंतोष व्यक्त करते



**विदिशा।** समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर वैद्य।

हुए कहा कि विदिशा के लिए जो भूमि चिन्हित की गई उसका मौका मुआयना किया गया है। अधिग्रहण की कार्यवाही पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराए जाएं। गौरतलब हो कि जिले के पांच सीएम राइज स्कूल भवन नटेरन, कुरवाई, लटेरी, बासौदा, ग्यारसपुर में निर्माण कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं जबकि विदिशा, सिरोंज एवं गुलाबगंज में अभी काम ही शुरू नहीं हो सका है। वहीं पांचों निर्माण एजेंसी बीडीएस के द्वारा कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार कि कोताही नहीं बरती जाए इसके लिए सतत निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के संचालक डीएस कुशवाह ने कहा कि भवन के साथ साथ शिक्षा की गुणवत्ता महत्वपूर्ण है। उन्होंने भ्रमण के दौरान पाई गई अव्यवस्थाओं पर खिन्नता प्रकट करते हुए बताया कि सीएम राइज स्कूलों के विद्यार्थी शत-प्रतिशत उत्तीर्ण नहीं होना। यह सोचनीय है।

इसी प्रकार गंजबासौदा एवं नटेरन में निरीक्षण के दौरान बच्चों की स्कूलों में शत-प्रतिशत उपस्थिति नहीं पाईं गईं हैं। उन्होंने अधीनस्थ स्टाफ को अतिरिक्त मेहनत करने पर बल दिया है। ताकि सीएम राईज स्कूल स्कूली शैक्षणिक क्षेत्रों में सर्वोच्च गुणवत्ता को रेखांकित कर सके।

कथा के बहाने मंत्री रावत के लिए उप चुनाव में जीत की चौसर बिछा गए सीएम

# 40 साल से बाट जोह रहे विजयपुर में अचानक बही विकास की गंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शनिवार को अल्प समय के लिए विजयपुर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अपने करीब एक घंटे के प्रवास में रामनिवास रावत के लिए उप चुनाव की चौसर बिछाते दिखे। वह अपने अल्प प्रवास के दौरान वह सब करते दिखे जो एक कुशल राजनेता को चुनाव प्रचार के दौरान करना चाहिए। कुल मिलाकर यह कहे कि कथा के बहाने सीएम डॉ मोहन यादव मंत्री रामनिवास रावत के उपचुनाव के लिए राजनीतिक बिसात बिछा गए हैं तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

करीब शाम 7 बजे हेलीकॉप्टर से विजयपुर पहुंचे सीएम डॉ मोहन यादव ने अपना समय अनावश्यक बातों में बर्बाद करने के बजाय चुनावी तूफानी दौरे की तरह व्यतीत किया। वह हेलीपैड से सीधे कथा स्थल पर पहुंचे जहां हजारों की संख्या में मौजूद श्रोताओं को उन्होंने अपने लोक लुभावन भाषण से मंत्र मुक्त कर दिया। वह अपने उद्बोधन में रामनिवास रावत को विजयपुर का ही नहीं बल्कि प्रदेश का भविष्य बताने में भी नहीं चूके। इस दौरान उन्होंने भाजपा के लिए चुनाव में रामबाण हथियार (धार्मिक एजेंडे) का भी मंच से उपयोग किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह अयोध्या में राम लाल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोबारा लेकर आए हैं उसी तरह प्रदेश में भी अब श्री कृष्ण भगवान शीघ्र ही मुस्कुराएंगे।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के प्रसिद्ध छिमछिमा हनुमान मंदिर पर पहुंचकर दर्शन किए और मंदिर के जीर्णोद्धार में बाधा को भी दूर करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने कई लोक लुभावन घोषणाएं भी कर डाली। जो काम बीते 40 सालों में नहीं हुए उन कामों की घोषणा और वादे मुख्यमंत्री एक घंटे के दौरे में कर गए।



## दो सिंचाई परियोजनाओं को भी मिली मंजूरी

सीएम डॉ मोहन यादव द्वारा केबिनेट मंत्री रामनिवास रावत की मांग पर दो सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी भी दी, जिसके तहत ओछापुरा के जंगल में पुराने डोकर का तालाब का जीर्णोद्धार एवं लोड़ी का बांध निर्माण कराए जाने की घोषणा की गई।



## भंडारे के साथ कथा का समापन, हजारों ने पाई प्रसादी

मंत्री रामनिवास रावत द्वारा विजयपुर में आयोजित कराई जा रही श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को विधिवत पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। भागवत कथा के समापन अवसर पर विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया। इस दौरान हजारो लोगों ने पहुंचकर भंडारे की प्रसादी पाई। मंत्री रामनिवास रावत ने भंडारे में पहुंचे श्रद्धालुओं को न केवल खुद अपने हाथों से भोजन परोसा, बल्कि उनकी झूंठी पत्तल भी उठाई। इस दौरान कन्या भोज भी विशेष रूप से आयोजित किया गया।

## सीएम ने की 15 सड़कें बनाने की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विजयपुर दौरे के दौरान क्षेत्र की जर्जर हो चुकी सड़कों के नवीनीकरण का भरोसा भी ग्रामीणों को दिलाया इस दौरान उन्होंने टर्रा खुर्द से भूतकच्छा, चिमलवानी से पटपडा, सहसराम से सिंगोई, गोहर रोड से गुंजनपुरा, गोहटा-कठोन से बाथेर रोड, बिनेगा से नेहरखेड़ा, महुआ मार से प्रभुपुरा, बरौली से रीझेटा, गोहटा से खुर्दबरा, दुवावली से जमुदी, गोहटा से अनिदा सहित 15 सड़क मार्गों के ननिर्माण की मंजूरी दी।

जेसीआई का कन्या शिक्षा परिसर ढेंगदा में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

# स्वयंसेवियों ने छात्राओं को बताए एक पेड़ मां के नाम अभियान के लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



इस समय पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझ रहा है। पेड़ों की अत्यधिक कटाई के चलते पर्यावरण संतुलन गड़बड़ा गया है। मौसम में भी परिवर्तन साफ देखे जा रहे हैं, पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना बेहद जरूरी है और इसके लिए हमें उन गलतियों को सुधारने की जरूरत है जो अतीत में हमारे द्वारा या हमारे पूर्वजों द्वारा पेड़ काटे जाकर की गई है। पेड़ों की पूर्ति हम पौधे लगाकर ही कर सकते हैं। लेकिन हमें पौधे लगा देने मात्र से ही कर्तव्य की इतिश्री नहीं करनी है, हमें आज रोपे गए पौधे को पेड़ बनने तक संरक्षण करना पड़ेगा तभी अभियान की सार्थकता होगी, इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया है। यह बात जेसीआई के कार्यकर्ताओं ने रविवार को कन्या शिक्षा परिसर ढेंगदा में छात्राओं को समझाइस देते हुए कही। इस दौरान विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण शिक्षा परिषद क्षेत्र में किया गया।

जेसीआई सदस्यों ने कन्या शिक्षा परिसर में मौजूद छात्राओं को बताया कि पेड़ हमारे लिए क्यों जरूरी है यह हम आप सब किताबों में खूब पढ़ चुके हैं और समझ चुके हैं लेकिन हमने जो जानकारियां अभी तक पड़ी है उसे आत्मसात करना पड़ेगी। इस उद्देश्य से ही प्रधानमंत्री मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया है, यानी एक पौधा अपनी मां के नाम लगाएं और उसका संरक्षण पौधे से पेड़ बनने तक करें। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य राजकुमार कंसल एवं छात्रावास की वार्डन, स्कूली छात्राएं, जेसीआई अध्यक्ष जैसी दीपक मंगल, सचिव जतिन वर्मा, परियोजना संचालक सीए नितिश गुप्ता, राहुल गुप्ता पूर्वाध्यक्ष डा लोकेश गुप्ता एवं अंकित गर्ग, पवन जिंदल, दिनेश गर्ग मौजूद रहे।

## डीईओ कार्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का किया रोपण



श्योपुर। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में रविवार को पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ श्योपुर द्वारा एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पीपल, अशोक, आम सहित अन्य कई प्रजातियों के पौधों का रोपण जिला शिक्षा अधिकारी रविन्द्र सिंह तोमर सहित स्काउट गाइड पदाधिकारी व सदस्यों के द्वारा रोपे गए। साथही इन पौधों की वृक्ष बनने तक देखभाल करने का संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर डीईओ रविन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षों का होना जरूरी है। इसलिए हमे अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। इस अवसर पर सहायक जिला कमिश्नर यश जैन, जिला आयुक्त डी के सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष संजय मंगल, कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर रेंजर आयुक्त रीना प्रजापति एवं सह कोऑर्डिनेटर रोवर नरोत्तम प्रजापति, आयुक्त सुग्रीव लाल जाटव, जिला मुख्यालय आयुक्त रामसिंह मीना, जिला सचिव रोशन लाल गर्ग, जिला आयुक्त रुकमणि माहौर, संयुक्त सचिव चंद्रा मंगल, रेंजर ज्योति सेंगर, रेंजर सानू सेन, गाइड राशि गोयल, खुशी मंगल, सुरभि गर्ग, श्रष्टि गर्ग, स्काऊट पीयूष गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# घर की छत पर सो रही महिला के साथ रेप, आरोपी हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयपुर

घर की छत पर सो रही महिला के साथ पड़ोसी ने रात में मौका देखकर दुष्कर्म कर दिया और फिर फरार हो गया। यह मामला विजयपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नई धाराओं में रेप का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। विजयपुर थाना पुलिस ने बताया कि यह घटना 4 जुलाई की रात्रि के दौरान तब घटित हुई, जब महिला अपने घर की छत पर अकेली सो रही थी और उसका पति टीबी की बीमारी का इलाज कराने के लिए ग्वालियर गया था। मौका देखकर आरोपी दर्शनलाल धाकड़ घर की छत पर आ गया और महिला को पकड़कर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया और फिर भाग गया। इसके बाद पीड़ित महिला ने पति के ग्वालियर से लौटने के बाद शनिवार को विजयपुर थाने आकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। विजयपुर टीआई सतीश दुबे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा



श्योपुर। हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गसवानी थाना पुलिस ने दबोचने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर विजयपुर न्यायालय में पेश कर दिया। गसवानी थाना प्रभारी शिवराम कंषाना ने बताया कि आरोपी बाइसराम पुत्र मांगीलाल यादव निवासी हीरापुरा गसवानी घर में घुसकर जानलेवा हमला करने संबंधी मामले में फरार चल रहा था। जिस पर पुलिस कप्तान के द्वारा तीन हजार रूपए का इनाम भी घोषित कर दिया गया था। रविवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को अपर ककेट बांध की पार से तब दबोच लिया,जब वह पुलिस से बचने के लिए भाग रहा था। आरोपी को अरेस्ट करने में थाना प्रभारी के अलावा एएसआई बृजेश शर्मा, प्रआ हरिमोहन गुर्जर, आरक्षक दशरथ गुर्जर, रिंकू गोले, रामकृष्ण रावत की सराहनीय भूमिका रही।

# लक्ष्य निर्धारित करें और फिर मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी:शिवमंगल

## श्योपुर के पीएम एक्सीलेंस कॉलेज का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य अतिथ्य एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के सभी 55 जिलो में पीएम एक्सीलेंस कॉलेज की शुरूआत की गई। इस अवसर पर शासकीय पीजी कॉलेज (प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस) में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बडी एलईडी के माध्यम से किया गया।

श्योपुर के पीएम एक्सीलेंस कॉलेज का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर संकल्प के साथ पढ़ाई करें, उसी दिशा में डटकर मेहनत करें, एक दिन सफलता जरूर मिलती है। उन्होने जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों की मांग पर कॉलेज के विकास कार्य एवं छात्रो की बुनियादी सुविधाओं के लिए 10 लाख रूपये सांसद निधि से दिये जाने की घोषणा भी की। नपाध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग ने कहा कि कॉलेज परिसर में युवाओ के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा लगाने के कार्य में नगरपालिका की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष मनोज सर्राफ ने कॉलेज में किये गये विकास कार्यो के संबंध में जानकारी देते हुए आगे की रणनीति के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ विपिन बिहारी शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के रूप में अपग्रेड होने पर श्योपुर महाविद्यालय में तीन नवीन संकाय संस्कृत, बायो टेक्नोलॉजी एवं कम्प्युटर सांइस शुरू होगी। आगामी समय में बीएड कोर्स भी चालू किया जायेगा। विद्यार्थियों को एआई एवं एविएशन के कोर्स संचालित होंगे।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, दुर्गालाल विजय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, नपा उपाध्यक्ष संजय महाना, भाजपा जिला महामंत्री शंशाक भूषण, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरोज तोमर, जनभागीदारी समिति के सदस्य दिनेश दुबोलिया, पूरण आर्य, कौशल शर्मा, श्याम सिंह भूरवाडा, विकास बंसल आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के बाद एक पेड मॉ के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में 10 पौधे लगाये गये। इसके उपरांत अतिथियों द्वारा कॉलेज के स्थापित हिन्दी ग्रंथ अकादमी तथा भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ का शुभारंभ भी किया गया।



## स्कूल बस का किया गया शुभारंभ

सांसद शिवमंगल सिंह तोमर सहित अन्य अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों के लिए स्कूल बस सेवा का शुभारंभ भी किया गया तथा बस को दांतरदा के लिए रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि पीएम एक्सीलेंस कॉलेज अंतर्गत श्योपुर महाविद्यालय द्वारा श्योपुर से दांतरदा रूट तक विद्यार्थियो के लिए बस सेवा शुरू की गई है, जो प्रतिदिन इस रूट के ग्रामों में निवासरत विद्यार्थियों को प्रतिदिन कॉलेज लेकर आएगी और वापस अपने स्थान तक छोडेगी। विद्यार्थियों से 30 रूपये मासिक नाम मात्र का शुल्क लिया जाएगा।

घायलों में महिला और बच्चे भी शामिल, दोनों पक्षों पर क्रॉस एफआईआर

# जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के लोग आपस में भिड़े, नौ लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कराहल थाना क्षेत्र के पनवाडा में जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के लोग आपस में भिड़ गए, इस दौरान उनके बीच आपस में जमकर लाठी डंडे चल गए। यही नहीं, पिता पुत्र ने भी एक दूसरे पर लाठी डंडो से हमला बोला। विवाद में दोनों तरफ से 9 लोग घायल हो गए। घायलों में महिला और बच्चे भी शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए कराहल अस्पताल में दाखिल कराया गया,जहां से कुछ घायलों को जिला अस्पताल में रैफर कर दिया गया। कराहल पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम पनवाडा निवासी रामसिंह सिसोदिया और लक्ष्मण सिसोदिया आपस में सगे पिता पुत्र है। लेकिन इनके बीच शनिवार की शाम को जमीनी विवाद को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में इनके परिवार के लोग भी कूद पडे। जिनके बीच आपस में खूब लाठी डंडे चल गए। विवाद में लक्ष्मण सिसोदिया तरफ से तीन लोग घायल हो गए,जिनमें लक्ष्मण सिसोदिया, अजय सिसोदिया, धनराज सिसोदिया शामिल है। वहीं रामसिंह सिसोदिया पक्ष से खुद रामसिंह सहित 9 लोग जख्मी हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। कराहल टीआई महाराज सिंह वघेल ने बताया कि इस मामले में लक्ष्मण पुत्र रामसिंह सिसोदिया की रिपोर्ट पर उसके पिता रामसिंह सहित उदय सिंह, वंदना सिसोदिया के खिलाफ तथा रामसिंह पुत्र हीरा सिंह सिसोदिया की रिपोर्ट पर उसके बेटे लक्ष्मण सिसोदिया सहित धनराज, अजय सिसोदिया के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सहसराम में दो भाईयों के बीच विवाद

गसवानी थाने के ग्राम सहसराम में दो भाईयों के बीच खेत की जुताई करने की बात को लेकर विवाद हो गया। पुलिस ने बताया कि ग्राम सहसराम निवासी लक्ष्मण पुत्र अलखराम धाकड और महेश धाकड आपस में सगे भाई है। जिनके बीच शनिवार को हेरो से खेत की जुताई करने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान महेश ने गाली गलौच करते हुए अपने बडे भाई लक्ष्मण की मारपीट कर दी। पुलिस ने लक्ष्मण की रिपोर्ट पर महेश पर मारपीट का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

17 को निकलेगा ताजियों का मातमी जुलूस, रूट समय निर्धारित

# परंपरागत रूप से आयोजित हुई अलम निशानों की दौड़, जगह-जगह लगी मीठे शरबत की सबील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मोहर्रम के 10 दिवसीय मातमी पर्व के दौरान 14 जुलाई को अलम निशान निकाले गए। इस दौरान अलमों की परंपरागत दौड़ भी आयोजित हुई। बाजार में निकले अलम निशानों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। भीड़ को नियंत्रित करने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरे समय मुस्तैद रहा।

सुबह 11 बजे बड़ा इमामबाड़ा से शुरू हुआ अलम निशानों का जुलूस खरादी मोहल्ला, टोड़ी गणेश बाजार से किला रोड हम्मालान मस्जिद तक पहुंचा। यहां से जुलूस मेवातियों के इमामबाड़े से होता हुआ, कुरेशियों के मोहल्ला पहुंचा। यहां से अलम निशानों की परंपरागत दौड़ आयोजित हुई। कुरेशी मोहल्ले से किला रोड, किला बस्ती, बगीची मोहल्ला, अंसारियान बस्ती, नावघटा काजी जी के सामने से नारनोल मस्जिद और मदरसे होते हुए अलम किला गेट के बाहर से बगवाज गांव की ओर रवाना हो गए। इस दौरान अपने-अपने क्षेत्र के अलमों को युवाओं द्वारा दौड़ कर जिताने की होड़ लगी रही। बगवाज से एक बार फिर बालापुरा तक दौड़ आयोजित कराई गई। यहां से अलम रामतलाई हनुमान मंदिर से पुरानी एसएफ लाइन के सामने पहुंचे। वहां से मैन बाजार में होते हुए जुलूस बड़ा इमामबाड़ा पर संपन्न हुआ। इस बीच मैन बाजार में बरगद के पेड़ के पास अखाड़ेबाजी की प्रदर्शन भी किया गया, कुछ युवकों ने शरीर में छुरी चाकू आदि धारदार हथियार घुसाकर लाख़ लगाने का प्रदर्शन किया।



## इस बार कम रही जुलूस में भीड़

ताजियों के त्यौहार को लेकर मुस्लिम समाज में विरोधाभास की स्थिति बनी हुई है। मुस्लिम समाज का एक तबका ताजिएदारी को इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ मानता है। उधर ताजिएदारी को मानने वालों की भी संख्या कम नहीं है। ताजिएदारी को इस्लाम के खिलाफ बताकर इस परंपरा को बंद करने की यह बात गाहे-बगाहे उठती रहती है। इस बार भी कुछ लोगों ने ताजिएदारी का विरोध करते हुए इसे बंद करने की सिफारिश की थी। हालांकि, शहरकाजी या ऐसे ही किसी मुस्लिम समुदाय के जिम्मेदार का इस संबंध में बयान नहीं आया है लेकिन, अलमों के जुलूस पर इसका असर साफ दिखाई दिया। बाजार में अलमों का जुलूस देखने के लिए महिलाएं कम आई, पुरुष भी अधिक संख्या में शामिल नहीं हुए।

## 17 को निकलेंगे ताजिए, समय रूट तय



17 जुलाई को ताजियों का मातमी जुलूस निकाला जाएगा। इसको लेकर शांति समिति की बैठक में सभी ताजिएदारों के साथ प्रशासन ने समय और रूट निर्धारण कर लिया है दोपहर 12 बजे से किला रोड गर्ल स्कूल के पास ताजियों का आना शुरू हो जाएगा जो धीरे-धीरे सुबह चौराहा तक सभी 16 ताजिए एकत्रित हो जाएंगे। शाम 4 बजे से ताजिए कर्बला की ओर रवाना होंगे जो सूर्यास्त से आधा घंटा पूर्व गणेश मंदिर को क्रॉस कर जाएंगे बाद में ताजिए कर्बला घाट पहुंच कर नदी में किए जाएंगे। इससे पहले 16 जुलाई की रात ताजियों को गस्त पर निकाला जाएगा।

रायपुरा के पास दुर्घटना में घायल हो गए तीन बाइक सवार

# सड़क पर तड़प रहे घायलों को कलेक्टर और एसपी ने पहुंचवाया जिला अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड और पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद की आमजन के प्रति दरिया दिली एक बार फिर उस समय देखने को मिली, जब उन्होंने सड़क पर घायल होकर तड़प रहे बाइक सवार तीन लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल करवाया। दरअसल शनिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे बाइक सवार तीन लोगों की बाइक बीच रास्ते में खड़े एक गधे से टकरा गई जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल पहुंचाने के लिए लोगों ने 108 पर कई बार कॉल किया लेकिन कॉल सेंटर पर वाहन उपल्ब्ध नहीं होने की बात कह कर फोन कट किया जाता रहा। इसके बाद क्षेत्रीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने कलेक्टर को फोन लगाया तब मौके पर पुलिस वाहन के साथ 108 एंबुलेंस पहुंची जिसने सडक पर तडप रहे तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार श्योपुर सवाईमाधोपुर हाइवे पर रायपुरा दलारना बगीची के पास एक बाइक गधे से टकरा गई जिससे बाइक सवार तीनों लोग चोथमल, महावीर और मुनीम बुरी तरह घायल हो गए। खून से लथपथ होकर सड़क पर पड़े तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए स्थानीय आंगन बाड़ी कार्यकर्ता सरोज शिवहरे ने 108 पर कॉल लगाकर एंबुलेंस बुलाने का प्रयास किया लेकिन कॉल सेंटर पर वाहन उपलब्ध नहीं होने की बात कह कर फोन कट किया जाता रहा। इसके अलावा भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने जहां उसकी पहचान थी वहां फोन लगाए लेकिन किसी ने भी घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद नहीं की, करीब डेढ़ घंटे तक सडक पर तडप रहे इन घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाने के लिए उक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने कलेक्टर लोकेश कुमार को फोन लगाकर जानकारी दी, जब कार्यकर्ता ने कलेक्टर को फोन लगाया तो वह मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान विजयपुर में थे उनके साथ एसपी अभिषेक आनंद भी मौजूद थे। इस फोन के बाद तत्काल कलेक्टर और एसपी ने एंबुलेंस और पुलिस वाहन मौके पर पहुंचवा दिए। इसके बाद 15 मिनट के भीतर तीनों घायलो को जिला अस्पताल में लाकर भर्ती करा दिया गया।

### इनका कहना है...

तीनों घायल गंभीर हालत में सड़क पर तड़प रहे थे। मैंने डेढ़ घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार फोन लगाने के बाद किया। एंबुलेंस नहीं आने पर जब कलेक्टर सर को फोन लगाया तो उन्होंने 10 मिनट में ही दो वाहन घायलों को लाने मौके पर भेज दिए।

सरोज शिवहरे
आंगन बाड़ी कार्यकर्ता

## ऑफिस के साथ बाहर खड़े वाहनों मे तोड़फोड़ की, 40 पर केस दर्ज

# करंट लगने से हुई थी मौत, परिजनों ने विद्युत कार्यालय के पास शव रखकर विरोध जताया







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के मुगावली थाने के अंतर्गत माता मोहल्ला में शुक्रवार की शाम एक 22 साल के युवक को बिजली का करंट लग गया था। बिजली के खंभे मे करंट आ रहा था। जिसकी चपेट मे आने से युवक की मौत हो गई थी। शव परीक्षण के बाद नाराज परिजनो ने शव को विघुत कार्यालय के बाहर रखकर विरोध जताया। 40 से 50 लोगो की भीड ने कार्यालय मे घुसकर और बाहर खडे वाहनो मे तोड़फोड़ की।

शुक्रवार की देर शाम करंट लगने से युवक की मौत हो गई थी। शनिवार को मृतक का शव परीक्षण किया गया। शव परीक्षण के बाद जब मृतक का शव परिजनो को सोपा गया तब उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय के बाहर सडक पर शव रखकर विरोध जताया। इस दौरान परिवारजनो और भीड मे इतना आक्रोश था कि उन्होने विघुत विभाग के कार्यालय मे घुसकर तोड फोड की और कार्यालय के बाहर खडे वाहनो मे भी तोड फोड कर डाली। इस घटना मे मृतक दुष्यंत यादव उम्र 22 साल है। जिसे बिजली के खंभे से करंट लग गया था। करंट लगने की इस घटना मे विघुत वितरण कंपनी के अधिकारियो द्वारा कोई संवेदना नही जताई गई। नाराज परिजनो ने शव अंतिम संस्कार के लिए न ले जाते हुए विघुत कार्यालय लेकर पहुच गए और वहा शव रखकर विरोध जताया। यह कार्यालय सडक से लगा है। जिससे सडक पर भी वाहनो की कतार लग गई। इस घटना को लेकर मृतक के परिवारजनो ने विघुत वितरण कंपनी पर लापरवाही के आरोप लगाए है। उनका कहना है कि विघुत विभाग की लापरवाही के कारण युवक की मौत हुई है। इस लापरवाही को लेकर वह कानूनी कार्यवाही करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान उन्होने विघुत विभाग के कार्यालय मे तोड फोड की । आफिस मे जो भी सामान मिला तोडते गए। कार्यालय के बाहर इस भीड ने ,दस बाइक और 6 कारो मे भी तोड फोड कर दी। घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस विभाग को लगी वैसे ही मुगावली थाना प्रभारी गब्बरसिंह गुर्जर मौके पर पहुचे और मृतकों के परिवारजनो को समझाने प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलने पर



जिला मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कवर भी मौके पर पहुच गए। परिवारजनो को समझाया गया जिसके बाद परिवारजन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। घटना शुक्रवार की देर शाम हुई थी। जब दुष्यंत यादव उम्र 22 साल वहा से निकल रहा था। तभी उसे बिजली के खंभे से करंट लग गया। जब उसके दादा ने देखा तो वह भी उसे बचाने के लिए पहुचे उन्हे भी करंट लग गया। तभी दोनो पछाड खाकर जमीन पर गिर गए। इस घटना मे दुष्यंत यादव की मौत हो गई थी।

### इनका कहना है

करंट लगने की इस घटना मे मृतक के शव को सडक पर रखकर चालीस पचास लोगो ने विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय मे घुसकर तोड फोड की है। कई वाहनो को भी तोड दिया गया है। इस संबध मे उपयंत्री अंकित कुसाब के द्वारा मामला दर्ज कराया गया है।

**गजेन्द्र सिंह कवर** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

## कलेक्टर ने कहा, एफआईआर भी हो

# काम नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शनिवार को आयोजित जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक मे कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने कहा कि ठेकेदारों द्वारा कार्य न करने पर संबंधितों के विरूद्ध एफआईआर एवं ब्लैकलिस्ट की कार्यवाही की जाए। उन्होने बैठक में निर्देशित किया कि पीएचई विभाग द्वारा चल रहे कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने विधानसभावार नल जल योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ठेकेदारों द्वारा कार्य न करने पर संबंधितों के विरूद्ध एफआईआर एवं ब्लैकलिस्ट की कार्यवाही की जाए। साथ ही नियमानुसार राशि की वसूली की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ठेकेदारों द्वारा कार्य अपूर्ण छोड दिये गये है,उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। साथ ही अपूर्ण कार्यो का इस्टीमेट बनाकर पुन टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिले के जिन ग्रामों में नल जल योजना चालू है,वह जलकर की राशि स्व सहायता के माध्यम से एकत्रित की जाए। इस हेतु प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर स्व सहायता समूहों को प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विधायकगणों द्वारा विभिन्न ग्रामों में नल जल योजनाओं की समस्याओं के बारे में अवगत कराया। उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण कर नल जल योजनाओं को चालू किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने जल निगम अंतर्गत राजघाट समूह परियोजना के कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किये जा रहे निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि पाईप लाईन डालने के पश्चात सड़क मार्ग को दुरूस्त किया जाए। जिससे आमजन को आवागमन के लिए कोई परेशानी न हो। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत अशोकनगर जिले में कुल 196 ग्रामों में नल जल योजनाओं की स्वीकृति,प्रगति की अद्यतन स्थिति,प्रगतिरत योजनाओं की जानकारी,वित्तीय वर्ष 2024 में नलकूप खनन के लक्ष्य एवं उपलब्धि की जानकारी,ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैण्डपम्प चालू,बंद एवं क्लोरीनेशन की जानकारी पावर प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डंगौरा फूट निवासी यशंवत अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अभिषेक अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खाईखेडा निवासी अभिषेक केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरवीर ,रिंकू और सतीश केवट निवासी बेरखेडी ने फरियादी व उसके भाई पर डंडे व चाकू मारकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुकावली निवासी अभिलाषा विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नत्थू विश्वकर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के महिला थाने के अंतर्गत निक्की सेन निवासी पछाडी खेडा रोड अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से रिषी सेन, लक्षमन, रूपेश, रानी सेन ने दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताडित किया ।

### दो बाइक आपस में टकराई मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत मुगावली चंदेरी रोड पर दो बाइक आपस मे टकरा गई। दोनों बाइक चालकों ने एक दूसरे के विरूध मामले दर्ज कराए है। एक पक्ष की ओर से शेख पुत्र संतराम राजपूत निवासी हुडेरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बाइक चालक ने अपनी बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से संतोष बंशकार निवासी आकेत थाना पिपरई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाइक चालक ने अपनी बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी।

### जहरीला पदार्थ पीने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम हमीरपुर निवासी 22 सोनू पिता वीरेन्द्र कुशवाह ने अपने ही घर मे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिसे उपचार के लिए वाहन से जिला अस्पताल लाया जा रहा था। तभी रास्ते मे युवक ने दम तोड दिया। शव परीक्षण के दौरान मृतक के परिवारजनो ने बताया कि मृतक की शादी एक वर्ष पहले ही हुई थी और वह परिवारजनो के साथ छोईपुरा तूमैन शादी मे गया हुआ था। विदा होने के बाद वह घर वापस आ गया था। फिर क्या कारण हुआ कि युवक ने अपने ही घर मे युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर परिवारजनों ने बताया कि इस संबंध में हमे कोई जानकारी नही है।

### सड़क दुर्घटनाओं के दो केस किए गए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले मे सडक दुर्घटनाओ के दो अलग अलग मामले दर्ज किए गए है। बदनसिंह पुत्र मथरालाल सिलावट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात डीजे वाहन के चालक ने टोल टैक्स विदिशा रोड पर अपना वाहन तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। जिससे उसे चोटे आई। इसी प्रकार जिले के देहात थाने के अंतर्गत संकटमोचन मंदिर के आगे ईसागढ रोड पर एक अज्ञात वाहन चालक ने अपने वाहन को टक्कर मार दी जिससे एक युवक को जिला अस्पताल मे उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

### सेवानिवृत्त एएसआई ने महिला से की मारपीट

**अशोकनगर।** जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत ग्राम कनारी मे एक महिला के साथ सेवा निवृत्त एएसआई रामवीर सिंह रघुवंशी द्वारा लाठी से मारपीट किए जाने के बाद शाढौरा पुलिस ने मामला दर्ज कर एएसआई पर जेल भेजने की कार्यवाही की है। शाढौरा के थाना प्रभारी नरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि यह लाठियो से मारपीट कल्ला उर्फ रतिराम की भाभी संगीता से की गई है। उन्होंने बताया कि मारपीट की वजह यह है कि गांव में दो डीपी रखी हुई थी। एक डीपी बंद है दूसरी डीपी से तार जोड़ने के मामले मे यह मारपीट की गई है।

# शासकीय भूमि के विभिन्न स्थानों से हटाया अतिक्रमण



**अशोकनगर।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने निर्देशानुसार जिले में भू-माफियाओं को विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ईसागढ़ शुभ्रता त्रिपाठी के मार्गदर्शन में राजस्व दल द्वारा शनिवार को तहसील नईसराय के ग्राम रुसल्ली मे खसरा नंबर 214 रकवा 0.627 से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार शासकीय प्राथमिक शाला बाबरोद का अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला खुशीपुरा का निरीक्षण किया गया, अतिक्रमण हटाया गया। मुंगावली वार्ड 04 हल्का महुआखाड़ी के सर्वे 133 के रकबा 0.387 को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

### जन अभियान परिषद ने किया पौधरोपण

**अशोकनगर।** शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर में नवांकुर संस्था जय श्री प्रेम सागर विद्या मंदिर एवं निर्धन बाल कल्याण समिति अशोकनगर , ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बिजौरी एवं ग्राम पंचायत डोगरा पछार द्वारा जनसहयोग से अखैवर धाम में 121 पौधे रोपे गए। जिसमे पुराने 30 पेड़ जीवित स्थिति में नहीं थे उनकी जगह नए पौधे लगाए और शेष पौधों को अन्य जगह गड्ढे खोदकर लगाए गए। जिला समन्वयक अनीता जाटव द्वारा उपस्थितजनों को एक पेड़ मां के नाम लगने शपथ दिलाई गई। विकासखंड समन्वयक मनोज यादव द्वारा एक पेड़ मां के नाम के नारे लगाए।

# रासेयो स्वयं सेवकों ने 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शासकीय महाविद्यालय सहराई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में महाविद्यालय एवं शासकीय पीएम श्री विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में निर्मित 'सरस्वती अमृत वाटिका' में पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पीएमश्री विद्यालय के प्राचार्य गिरधारी लाल अहिरवार रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा राजाराम आर्य ने की। रासेयो जिला संगठक एवं प्रभारी डा. अतुल गुप्ता ने कहा कि प्रकृति के पोषण के लिए धरती माता और मानव जीवन के पोषण के लिए हमारी माताओं के बीच समानता है इसीलिए इकाई द्वारा यह अभियान आरम्भ किया गया है, इसके तहत रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा द्वारा पूर्व में निर्मित छह अमृत बाटिकाओं सहराई,सिहोरा, अचलगढ़, पठारी, करातला में क्रम बद्ध ढंग से पौधा रोपण किया जायेगा। समिति ने स्थानीय लोगों से अपनी माँ के प्रति प्रेम,आदर और सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पेड़ लगाने और धरती माता की रक्षा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। वाटिका में आवंला, आम, अमरूद, गुड़हल, चांदनी, बेल,मधुकामनी,अशोक के पौधे लगाये गए। डा दिलीप सिंह,डा. प्रदीप कुमार, निर्मल सिंह, डा प्रगति बरेठिय, आशा शर्मा, धीरज शर्मा, सुरेश गर्ग, मनोज कुमार जैन संतोष कुमार यादव सी ए सी, चंद्र मोहन शेषाजी सी ए सी, अखिलेश गोस्वामी, घनश्याम सिंह गौर, मीना शर्मा, संजना मार्कन, प्रज्ञा जैन,कृष्ण गोपाल शर्मा, रतीभान सिंह यादव, कृष्णकांत मार्कन, मनोज कोली, नवीता अहिरवार, सहित स्वयंसेवको की सक्रिय भागीदारी रही।

## लायंस क्लब ने कई प्रजाति के पौधे रोपे और संरक्षण का संकल्प लिया



**अशोकनगर।** एक पेड़ पहले एक बीज, फिर एक तना, फिर एक जीवित तना और फिर एक मृत लकड़ी से कहीं अधिक है। पेड़ एक धीमी, स्थायी शक्ति है जो आकाश को जीतने के लिए प्रयासरत है। इसी उदेश्य को लेकर लायंस क्लब अशोक नगर एवं नगर पालिका अशोक नगर के सहयोग से एक पेड़ मां के नामएक विशाल वृक्षरोपण का कार्यक्रम टोरिया फिल्टर प्लांट में आयोजित किया गया, इसमें मुख्य अतिथि के रूप सुभाष कुमार द्विवेदी कलेक्टर महोदय एवं विशेष अतिथि नीरज मनोरिया नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जजपाल सिंह उपस्थित रहे, इसमें लायंस क्लब की ओर अध्यक्ष हरि सिंह रघुवंशी सचिन अभिजीत जैन कोषाध्यक्ष अरुण अग्रवाल ,डॉ राजेश मनोज कासल, प्रकाश साहू,सजय रघुवंशी आदि उपस्थित थे।

# विद्यार्थी परिषद ने छात्रों के फेल होने पर सात दिन में पुनः रिजल्ट की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



अशोकनगर के नेहरू महाविद्यालय में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन बीएससी, बीए बीकॉम तृतीय वर्ष के रिजल्ट में विद्यार्थियों के फेल होने की वजह से किया है, जिसके बाद उन्होंने फिर से सात दिन में रिजल्ट घोषित कराने की मांग का कुलपति के नाम प्राचार्य को ज्ञापन दिया। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा की अगर रिजल्ट में सुधार नहीं हुआ तो वह उग्र आंदोलन करेंगे। इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से बताया कि बीएससी तृतीय वर्ष की कॉपियां यूनिवर्सिटी से महाविद्यालय में मंगवाने की मांग की। कौन-कौन से प्रश्नों के उत्तर सही है वह सीट भी मंगवाई थी जो कि एक-दो दिन पहले आ गई थी, सभी छात्र-छात्राओं ने जब अपनी कॉपियां चेक करीं तो अधिकतर सभी छात्र-छात्राएं पास हो रहे थे। छात्र परिषद के कार्यकर्ताओं ने काफी देर तक नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

### खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लिया भाग



मुंगावली। नगर के टीएवी स्कूल में आज खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा यूकेजी तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने रिंग रेस, स्पून रेस, जंप रेस, बोक रेस, एवं चियर रेस, जैसे आकर्षक खेलों में भाग लिया इन खेलों में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र छात्राओं को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में इस प्रकार के आयोजन स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद जैन के मार्गदर्शन में आयोजित होते रहते हैं। इस मौके पर स्कूल सीईओ पुनीत जैन कार्यक्रम संयोजक खेल प्रशिक्षक जावेद खान कोऑर्डिनेटर एकता जैन एवं शिक्षक सागर सुमन सहित छात्र छात्राएं एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## युवक के साथ मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था

# मारपीट के मामले में होमगार्ड सैनिक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

युवक के साथ मारपीट करने वाले होमगार्ड सैनिक को निलंबित कर दिया है वही डायल हंड्रेड के पायलट को भी एजेंसी ने हटा दिया। दोनों पर मायापुर थाने में मामला दर्ज किया गया है। दरअसल, होमगार्ड सैनिक का एक युवक के साथ मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था इस दौरान वीडियो में पिछोर विधायक प्रीतम लोधी पर भी टिप्पणी की गई थी। युवक को पीटते होमगार्ड की जुबान पर विधायक का नाम आ गया। अपना सुन आपत्ति व्यथित करते हुए विधायक ने पद से इस्तीफा देने की बात कही थी। इसके बाद रविवार को यह कार्रवाई देखने को मिली।

### पैसों को लेनदेन को लेकर हुआ था विवाद

पिछोर के छिरवाया का रहने वाले रमेश का मायापुर थाना क्षेत्र के सालोरा दाखली गांव के रहने वाले अमित यादव के साथ



पैसों का लेनदेन का विवाद था। दो दिन पहले मायापुर घाटी पर युवक और अमित यादव के बीच विवाद हुआ। इस विवाद में अमित यादव अपने कुछ साथियों के साथ रमेश को अपने गांव सालोरा दाखली ले पहुंचा था। जहां गांव के टावर के पास एक बिजली के खंभे से बांधकर उसे बंधक बना लिया। साथ ही उसके साथ मारपीट भी गई। चोरी का आरोप लगाते हुए डायल हंड्रेड को इसकी सूचना भी दी। सूचना के बाद गांव पहुंची डायल हंड्रेड पर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड सैनिक सुरेंद्र चौहान ने रस्सी से बंधे रमेश युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी। रमेश के साथ लात घूसों से मारपीट करते वक्त होमगार्ड सैनिक सुरेंद्र चौहान कह रहे थे कि जबसे प्रीतम लोधी विधायक बने हैं तबसे तुमने अति कर दी है। मारपीट करते हुए वीडियो वायरल भी कर दिया गया।

### विधायक ने कराई थी आपत्ति दर्ज, इस्तीफा देने की भी कही थी बात

वीडियो सामने आने के बाद पिछोर विधायक प्रीतम लोधी ने शनिवार को एक वीडियो जारी कर कहा कि एक विशेष वर्ग उन्हें टारगेट कर रहा है। इस कृत्य से में मानसिक रूप से परेशान हूं। बार-बार मुझे व मेरे कार्यकर्ताओं को टारगेट किया जा रहा है। एक वर्ग को हार नहीं पच रही है। इन लोगों के अगर यह कृत्य नहीं रुके तो विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगा। मेरा मन बहुत दुखी है। बता दें कि पुलिस पर टारगेट करने का आरोप लगाया है।

### होमगार्ड सैनिक पर केस किया गया दर्ज

विधायक प्रीतम लोधी का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गई थी। एसपी अमन सिंह राठौड़ ने एसडीओपी प्रशांत शर्मा को जांच के निर्देश दिए थे। एसडीओपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए, राजनैतिक दखल के चलते रात तक जांच पूरी कर ली। इसके बाद युवक के साथ मारपीट करने बाले होमगार्ड सैनिक सुरेंद्र सिंह चौहान एवं बीवीजी कंपनी द्वारा नियुक्त डायल 100 के पायलट अजय योगी के खिलाफ युवक के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने बताया चूंकि उक्त कृत अनुशासनहीनता को भी प्रदर्शित करता है सैनिक सुरेंद्र सिंह पुलिस कर्मचारी न होकर होमगार्ड सैनिक है। पुलिस अधीक्षक द्वारा होमगार्ड कमांडेंट ए.के.शूध को मामले की जानकारी दी गई थी। जिस पर से होमगार्ड कमांडेंट द्वारा उक्त सैनिक सुरेंद्र सिंह चौहान को निलंबित कर दिया है। डायल 100 वाहन के पायलट की सूचना बीवीजी कंपनी प्रतिनिधियों को दी गई थी जिनके द्वारा पायलट अजय योगी को भी निलंबित किया गया है।

### इनका कहना है

मामले में कार्रवाई करते हुए होमगार्ड सैनिक सुरेन्द्र चौहान को निलंबित किया गया है साथ में डायल 100 के चालक अजय योगी को भी हटाया गया है। दोनो पर एफआईआर भी दर्ज की गई है।

**नीतू सिंह मायापुर,** थाना प्रभारी

### आकाशीय बिजली गिरने से 6 मवेशियों की मौत



**अशोकनगर।** जिले के मुगावली थाने के अंतर्गत ग्राम बमौरी टांका मे एक झोपडी पर आकाशीय बिजली गिर जाने के कारण 6 मवेशियो की मौत हो गई। जिनमे 4 गाय और 2 बछडे शामिल है। घटना शुक्रवार की देर शाम की है। बादलो की गर्जना के साथ तेज बारिस होने से आकाशीय बिजली झोपडी के पास गिरने से झोपडी मे बंधे 6 मवेशी बिजली की चपेट मे आ गए। इन सभी की मौत हो गई। जिनमे 5 मवेशी जुबराज सिंह के और एक गाय रामराजा की थी। पशु चिकित्सा विभाग मुगावली ने मृत गायो का पोस्टमार्टम किया है।